हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



खल्लारी, मुंगई व मां चंडी दरबार पहुंचे श्रद्धालु

महासमुंद। शारदीय नवरात्र के सप्तमी पर ग्राम खरोरा ज्ञान गंगा विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने मां खल्लारी मंदिर कोडार बांध, मां मुंगई मंदिर बावनकेरा, मां चंडी मंदिर घुंचापाली का भ्रमण किया।

मनोरोग रोग जांच शिविर आज

महासमुंद। स्थानीय महासमुंद मेडिकल में 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉ. प्रखर शर्मा एमबीबीएस, एमडी मनोरोग चंडीगढ़ अपनी सेवाएं देंगे। मानसिक रोग जैसे अवसाद, घबराहट, बेचैनी, सरदर्द, तनाव, चिड़चिड़ाहट, नींद ना आना, डर लगना, बेवजह शक करना, बार-बार हाथ धोना या बात दोहराना, झटके, चक्कर या बेहोशी आना, याददाश्त में कमजोरी आना, रास्ते, नाम इत्यादि भूल जाना, बहुत ज्यादा बोलना, मारपीट करना, बेवजह पैसे खर्च करना या वस्तुओं का नुकसान करना, नशे की लत जैसे दारु, गांजा, भांग, चरस, स्मैक, तंबाखू, गुटखा इत्यादि, सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्र पतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, घात रोग, बच्चों का ज्यादा चंचल होना गुस्सा करना, पढ़ाई में समस्या, सामान्य से अधिक या कम खाना, बोलने में समस्या, जैसे बीमारियों के बारे में परामर्श ले सकते हैं। मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ प्रत्येक माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।

निधन

कामेश्वर प्रसाद सोनी

बसना। शासकीय प्राथमिक शाला केंवटापाली में पदस्थ शिक्षक कामेश्वर प्रसाद सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। वे कैंसर से जूझ रहे थे, ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। वे पीसीएस के क्रिकेट अंपायर भी थे।



सोलर पावर प्लांट में आई खराबी का एक माह बाद भी सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

बार में स्थापित 25 किलोवॉट सोलर पावर प्लांट में आई खराबी का एक माह बाद भी सुधार नहीं किया जा सका है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को केवल आश्वासन ही मिल रहा है। सौर सिस्टम में सुधार नहीं होने से ग्रामीण घुप्प अंधेरे में रात बिताने को विवश हैं। ग्रामीणों में अब सिस्टम के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि शायद उनके आक्रोश से जिम्मेदार जाग जाएं और प्लांट की खराबी सुधार कर उनके अंधेरे को मिटा सकें।



उल्लेखनीय है कि अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्रामों के लिए सौर ऊर्जा ही एकमात्र वैकल्पिक बुनियादी विद्युत सुविधा है। यहां वन एवं वन्यजीवों के बीच ग्रामीणों का सह-अस्तित्व है।क्षेत्र में हाथी जैसे विशाल जीवों का विचरण लगातार बना रहता है, जो धान की फसलों और आबादी क्षेत्र में घुस आते हैं। गांव में अंधेरा होने से हाथी बस्तियों में घुस आते हैं। हाल ही में ग्राम बार की गलियों से होकर घुप्प अंधेरे में दो दंतैल हाथी गुजर चुके हैं। अंधेरा अन्य हिंसक जीवों के गांव में घुसने के लिए भी अनुकूल होता है।

सौर विद्युतीकरण का आधार ही वन, वन्यप्राणी और यहां के बाशिंदों का सह-अस्तित्व है, फिर भी यहां सौर सिस्टम की सुचारू व्यवस्था की अनदेखी समझ से परे है। ग्राम बार के 25 किलोवॉट सोलर प्लांट को खराब हुए एक माह बीत रहा है, मगर सुधार शून्य है। अधिकारी-कर्मचारी केवल समय पर समय दे रहे हैं, गांव में अंधेरा कायम है। बताया जाता है कि इस 25 किलोवॉट पावर प्लांट की स्थापना वर्ष 2016-17 में भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से डीडीजी योजना के तहत सौर ऊर्जा ग्राम विद्युतीकरण परियोजना से की गई थी। इस संयंत्र से 65 घरों के 100 परिवारों के साथ 15 स्ट्रीट लाइटों को विद्युत आपूर्ति लक्षित है,जिसका क्रियान्वयन कार्यपालन अभियंता, क्रेडा द्वारा किया गया है। इस संबंध में बलौदाबाजार क्रेडा अधिकारी अनिल बिंझवार से मोबाइल पर संपर्क किया गया।रिसीव नहीं करने पर समस्या के संबंध में व्हाट्सएप पर लेख भेजा गया है।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार छह पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

महासमुंद। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की जिला शाखा महासमुंद की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने संगठन के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए छह पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जिसके अनुसार, चंदन कुमार गोंडरे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सुनील कुमार देवदास को स्वास्थ्य विभाग का विभागीय संयोजक नियुक्त किया गया है। पुरुषोत्तम लाल कंडरा को जनपद पंचायत विभाग का विभागीय संयोजक बनाया गया है। वहीं, भागवत चंद्राकर को संगठन सचिव, प्रेमप्रकाश पाण्डेय को कार्यालय सचिव तथा गजेंद्र कुमार नेताम को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि संघ की जिला शाखा ने कार्यकारिणी विस्तार के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की दिशा में कदम बढ़ाया है। विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने और उनकी समस्याओं को उचित मंच पर उठाने में नई कार्यकारिणी की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



चैतन्य देवियों की झांकी के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिन नगरवासी बड़ी संख्या में अवलोकन करने पहुंचे। झांकी का शुभारंभ दीप जगाकर अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें विषेश रूप में कांग्रेस नेता मनोजकांत साहू, शंभू साहू चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यवसायी राजेंद्र साहू, सिंधी समाज के अध्यक्ष परसराम सचदेव, जैन समाज से उत्तम बरडिया, बलराम लालवानी, हीरानंद तलरेजा व्यवसायी एवं सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति शामिल रही। संध्या 6 से रात्रि 9.30 बजे तक चले देवियों की झांकी में ध्वनि और प्रकाश का सुन्दर समायोजन रहा। ब्रम्हा कुमारी भाई बहने चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भक्तों को वर्तमान कलयुग के अन्त समय पुरूषोत्तम संगम युग में जगत नियंता निराकार ज्योति स्वरूप परमपिता परमात्मा शिव संसार के समस्त शास्त्रों और त्योहारों का आध्यात्मिक सार समझा रहे है। ब्रम्हा कुमारी सुषमा ने नवरात्रि पर्व पर देवियों के अष्ट शक्तियों और शस्त्रों के आध्यात्मिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा देवियों के हाथों में दिखाई देने वाले अस्त्र शास्त्र किसी भौतिक हिंसा या युद्ध के हथियार नहीं है, वे वास्तव में आत्मा के आन्तरिक शक्तियों दिव्य गुणों और विकारों पर विजय प्राप्त करने आध्यात्मिक जागरुकता का प्रतीक है। देवियां कभी हिंसा कैसे कर सकतीं है। देवी देवताओं के लिए गायन है सर्व गुण संपन्न सोलह कला सम्पूर्ण सम्पूर्ण निरविकारी मर्यादा पुरुषोत्तम अहिंसा परमो धर्मा, देवियों के हाथों में जो अस्त्र शास्त्र दिखाई जाती है, वे अष्ट शक्तियां है जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रुपी असुरों को नष्ट करने की कला को दर्शाती है।



क्रिकेट में नवागांवकला ने मारी बाजी : अंकित

महासमुंद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा पंचायत झारा के ग्राम चितमख़ार में जय मां खल्लारी क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार 4 दिन चले इस क्रिकेट संग्राम में नवागांव बागबाहरा की टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। अंकित ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जेन जी का जमाना है और खेल में भी भविष्य बनाया जा सकता है। अंकित ने आयोजन समिति को विगत 17 सालों से लगातार इस आयोजन के लिए साधुवाद दिया। उन्होनें युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर क्रिकेट में अपने गांव और क्षेत्र का नाम रौशन करें और जिला, रणजी और फिर देश स्तर पर पहुंचे। आयोजन में अंकित बागबाहरा के साथ पूर्व सरपंच ओमप्रकाश निषाद, नीलकंठ यादव के अलावा ग्राम के देव ध्रुव, ह्यूमन दीवान, उमाशंकर दीवान, रोमन ध्रुव, शंकर साहू, एन कुमार दीवान समेत 4 टीमों के खिलाड़ी उपस्थित रहे।



सीसी रोड निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

महासमुंद। नगर के वार्ड क्रमांक 29 में केंद्रीय विद्यालय के समीप सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा की उपस्थिति में किया। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वार्ड में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा रहवासियों को सुगम और सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी परिषद का संकल्प है कि शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य प्राथमिकता के साथ किए जाएं। वार्ड क्रमांक 29 में लंबे समय से इस रोड की मांग थी, जिसे आज पूरा किया जा रहा है। यह सड़क केवल निर्माण नहीं बल्कि वार्डवासियों की सुविधा और सम्मान से जुड़ी है। आने वाले समय में वार्ड की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। हमारा उद्देश्य महासमुंद को सुंदर, स्वच्छ और सुविधायुक्त नगर बनाना है। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षदगण धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, पीयूष साहू, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर सहित वार्डवासी विकास साहू, मोती मालेकर, श्वेता पांडे, रंजना यादव, संजय यादव एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

अयोध्या नगर में कवि सम्मेलन का आयोजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 03 अयोध्या नगर में माँ महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में 16 अक्टूबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं वार्ड के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और कवियों की शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं एवं काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। उपस्थित नागरिकों ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर सहित मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति के सदस्य किशोरधर दुबे, प्रवीण खन्ना, वीरेंद्र साहू, अंकित नंद, अनमोल चंद्राकर, अनमोल पांडेय, शैलेंद्र साहू, लक्की गुप्ता, लक्की ठाकुर, वीरेंद्र पाल, प्रतीक एवं सुमित सहित समिति के अन्य सदस्य, जनप्रतिनिधि, नागरिक समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देना है। इस आयोजन ने क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही लोगों को एक मंच पर एकत्रित होने का अवसर प्रदान किया।



चिरको महाविद्यालय में मतदाता पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन

महासमुंद। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन तथा ईएलसी क्लब नोडल अधिकारी मनहरण ठाकुर के निर्देशन में मतदाता पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता पंजीकरण अभियान अंतर्गत सभी 17 प्लस वर्ष आयु वाले उपस्थित महाविद्यालयीन छात्र -छात्राओं को फार्म- 6 प्रदान कर आवश्यक प्रविष्ठियां कराई गई। साथ ही आनलाईन आवेदन किए जाने के लिए समीपस्थ मतदान केन्द्रों के बीएलओ को बुलाया गया था। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 94 के बीएलओ हेमलता साहू व घनश्याम, 102 से सरला शुक्ला, 103 से लक्ष्मी गजेंद्र व बनपचरी से श्यामा उईके उपस्थित थीं। 60 छात्र-छात्राओं को फार्म वितरित किया गया। 26 विद्यार्थियों ने आवश्यक दस्तावेज सहित फार्म भरकर जमा किया। जिसमें से 05 विद्यार्थी का तुरंत आनलाईन आवेदन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो एसएस तिवारी, सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव आदि मौजूद रहे।



भाजपा सरकार का मकसद धान खरीदी में हो देर : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने जिला पटवारी संघ की हड़ताल के समर्थन देने महासमुंद के धरना स्थल पहुंचे। अंकित ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की एक ही मंशा है कि किसान परेशान हो और धान उत्पादन के प्रति उनकी बेरुखी हो जाए। अंकित ने कहा कि पहले रबी फसल में पानी नहीं देने, बिजली कटौती, फसल बीमा में वसूली, एग्रीस्टेक में पंजीयन, टोकन की समस्या, मॉइश्चर, फिजिकल वेरिफिकेशन के नाम से किसानों को इतना परेशान किया जा रहा है। ताकि, किसान खेती किसानी से विमुख हो जाए। एग्रीस्टेक में सभी बाँटेदार के पंजीयन की अनिवार्यता, सभी का मोबाइल नंबर अनिवार्य कर परेशान किया। इसी कड़ी में भाजपा सरकार ने एप में नया फीचर जोड़ के उसे अनिवार्य कर दिया है। इसका फिलहाल उद्देश्य ये नहीं है कि सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन हो जाए भाजपा सरकार की कोशिश है कि धान खरीदी की शुरुआत के देर हो जाए।

सरकार अपनी सुविधा और अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने ऑनलाइन रजिस्ट्री और ऑनलाइन नामांतरण शुरू किया।



ऑनलाइन ऋण पुस्तिका देंगे बोले वो नहीं दे रहे। भाजपा सरकार अब दबाव बनाकर पीवी एप से काम को फसल खरीदी से पूर्व करवाना चाह रही है। जबकि, अभी बारिश में खेतों में कीचड़ है या मेड़ नहीं है या पेड़ है की व्यवहारिक दिक्कतें है, जिससे वर्तमान समय में धान खरीदी प्रभावित होगी। पिछली बार गिरदावरी में पैसे देकर अन्य लोगों से करवाया गया, जिनका भुगतान लेने के लिए युवाओं को संघर्ष करना पड़ा। अभी फिर बिना राजस्व के ज्ञान के बिना नए युवाओं से पीवी एप का काम सरकार थोपने जा रही है, जिसमें बंटाकन और बंटवारा की स्थिति में मेड़ की जानकारी ना होने के कारण भारी समस्या आने वाली है। जबकि, वर्तमान समय में डीसीएस में मौजूद नक्शा तीन साल पुराना है, ऐसे में गिरदावरी कर सही जानकारी पीवी एप में चार बार कर पाना तुरंत में संभव नहीं है। इस कारण इस प्रक्रिया को शिथिल किया जाए। साथ ही पटवारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ हो, राजस्व निरीक्षक के पद सिर्फ पटवारियों को ही पदोन्नत कर भरे जाएं और दबाव बनाने सस्पेंड किए गए पटवारियों की बहाली हो। अंकित ने अंत में कहा कि भाजपा सरकार इस बाबत तत्काल नीतिगत निर्णय लें।

विधायक ने विभिन्न देवी मंदिरों में किए दर्शन, क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए की प्रार्थना

महासमुंद विस क्षेत्र के गांवों में विराजित देवी प्रतिमाओं व मंदिरों में पहुंचे विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में स्थित देवी मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस दौरान उन्होंने ग्राम बेमचा, कौंदकेरा, तुमगांव, भोरिंग, गढ़सिवनी और सिंघनगढ़ स्थित प्रमुख देवी मंदिरों में पहुंचकर माता के चरणों में शीश नवाया और समस्त क्षेत्रवासियों के कल्याण की प्रार्थना की।

विधायक सिन्हा ने सर्वप्रथम ग्राम बेमचा स्थित मां खल्लारी मंदिर में पहुंचकर माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात ग्राम कौंदकेरा में मां सोनई रूपई के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने तुमगांव में शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा ग्राम भोरिंग स्थित खल्लारी माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने गांव में विराजित माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में वे ग्राम गढ़सिवनी स्थित मां लज्जा दाई मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माता के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं खुशहाली बने रहने की प्रार्थना की। इसके पश्चात वें ग्राम सिंघनगढ़ पहुंचे जहां नवरात्रि के अवसर पर आयोजित सुआ एवं जस जगराता कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही ग्राम में विराजित माता के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना भी की।



इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना, आस्था और भक्ति का प्रतीक है। मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना से हमें शक्ति, साहस, सकारात्मक ऊर्जा और जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना से मन को शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली का वातावरण कायम रहे, यही उनकी कामना है। विधायक ने आगे कहा कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र की जनता की उन्नति, खुशहाली और सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और समरसता बनी रहे तथा प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख और समृद्धि आए, इसके लिए उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मां जगदंबा के आशीर्वाद से क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

प्रदेश में बस किराया बढ़ाकर भाजपा सरकार ने आम यात्रियों के सफर किया महंगा : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि आम आदमी के पास अब ऐसा कुछ नहीं बचा, जिससे वे राहत की सांस ले सके। डीजल, पेट्रोल से लेकर खाद्य सामग्रियों में महंगाई से त्रस्त आम आदमी का सफर भी अब महंगा कर दिया गया है। यह सरकार जनता को राहत देने के बजाय सारी चीजों की वसूली जनता से करने की जेब से कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी नई किराया दरें पूरे प्रदेश के आम यात्रियों की जेब पर सीधा बोझ है। परिवहन विभाग की अधिसूचना 8 अक्टूबर 2026 के अनुसार नई दरें राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू हो गई हैं। इसके तहत साधारण बस में पहले 5 किलोमीटर के लिए 10 रुपए और उसके बाद 1.75 रुपए प्रति किलोमीटर, डीलक्स बस में 12 रुपए और उसके बाद 2.20 रुपए, वहीं सुपर लग्जरी वोल्वो, स्केनिया जैसी बसों के लिए 12 रुपए और उसके बाद 3.30 रुपए प्रति किलोमीटर तय किया गया है। रात्रिकालीन सेवा में तो 10 प्रतिशत अतिरिक्त वसूला जाएगा। वृद्धि का सबसे ज्यादा असर जिले के यात्रियों पर पड़ेगा। महासमुंद से रायपुर, रायपुर से सरायपाली, महासमुंद से सरायपाली, महासमुंद से बागबाहरा, महासमुंद से खरियार रोड, महासमुंद से बलौदाबाजार, महासमुंद से राजिम, छुरा और गरियाबंद जाने वाले यात्रियों का सफर लगभग डेढ़ गुना महंगा हो जाएगा। पहले जो किराया 100 से 150 रुपये होता था, अब उसी के लिए 200 से 250 रुपए तक देने पड़ेंगे। सुपर लग्जरी और स्लीपर बसों में तो यह बोझ और भी ज्यादा है। रोजाना मजदूरी, पढ़ाई, नौकरी और इलाज के लिए सफर करने वाले गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह वृद्धि असहनीय है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्रियों के बाद अब बस किराया बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। चंद्राकर ने कहा कि पूरा प्रदेश इस जनविरोधी फैसले का विरोध कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए, ताकि रोजाना सफर करने वाले आम यात्रियों और मजदूरों को राहत मिल सके।





तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

4 नवरात्रि पर सशिमं में नौ कन्या पूजन का आयोजन



4 सुखरीडबरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम





लोहे के कीलों पर लेटकर ज्योत कलश प्रज्वलित कर हो रही कठोर साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

आदिशक्ति के नौ दिन तक चलने वाले पर्व नवरात्र पर माँ की भक्ति के कई बार ऐसे नजारे सामने आते हैं, जिसमें भक्तों की अटूट श्रद्धा प्रदर्शित होती है। खल्लारी विधानसभा के अंतिम छोर पर बसे गांव रेवा में शारदीय (क्वांर) के मौके पर मां काली, मां दुर्गा माता के दरबार में पुजारिन दाई जानकी यादव पति गणपत यादव (37 वर्षीय) ने अटूट श्रद्धा व भक्ति के साथ नवरात्र पर्व पर लकड़ी से बने खाट में पीठ के बल लोहे की कीलों के सहारे लेटकर पेट में जलते हुए मनोकामना के मुख्य ज्योति कलश को रख नौ दिनों तक दीप प्रज्वलित किया है। बता दें कि नवरात्र पर्व की विधिवत पूजा अर्चना कर उन्होंने लोहे के कीलों पर लेटकर पेट के ऊपर ज्योत कलश प्रज्वलित करने के साथ नौ दिनों तक निर्जला व्रत (उपवास) भी धारण किए हुए है। नवरात्र में इस कठोर साधना को लेकर इस संबंध में भक्तिन दाई जानकी यादव के शिष्य पीलाबाबू ने बताया कि जिस लकड़ी के पलंग में वह जो साधना कर रही है, उसमें ग्यारह किलो लोहे की कीले लगी हैं। नवरात्र पर्व पर इन दिनों इनके मां काली, मां दुर्गा माता के दरबार में कुल 71 मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित है। माता दरबार में दर्शन पूजन करने लोगों की भीड़ लग रही है। पुजारिन दाई द्वारा पिछले वर्ष भी लोहे की कील के सेज पर लेटकर ज्योति कलश स्थापित किया था।

खास बातें

- मां काली, मां दुर्गा माता के दरबार में कुल 71 मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित, माता के दरबार में दर्शन पूजन करने लोगों की लग रही भारी भीड़

नवरात्रि पर भक्तों की अटूट श्रद्धा, नौ दिनों तक निर्जला व्रत भी रखा



रोज हो रहे जस सेवा का गायन

ग्राम रेवा स्थित मां दुर्गा के दरबार में इस बार भी लगातार रीवा सहित मोंगरापाली, सरायपाली, डोंगरीपाली आदि गांवों के माता जस सेवा गान का आयोजन भी मादर के धुन के साथ हो रही है। नवरात्र पर्व के अलाव माता के इस दरबार में पूरे वर्ष भर पूजा अर्चना होते रहते हैं। वहीं प्रत्येक महीने के सोमवार और मंगलवार को इनके यहां विशेष पूजा अर्चना के साथ दरबार भी लगते हैं, जो कि उक्त दरबार इनके यहां सन 2023 से अब तक लग रहे हैं। जहां दर्शन पूजन करने स्थानीय संहित क्षेत्र के लोग दूर - दूर से आते हैं।

नवरात्रि विशेष



अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की हो गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

खबर संक्षेप

युवक के साथ गाली गलौज, मारपीट

महासमुंद। ग्राम परसवानी में कीर्तन कार्यक्रम में जा रहे एक युवक के साथ मारपीट करने वाले पांच लोगों के विरूद्ध सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को परसवानी के रितेश कुमार प्रधान ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात नौ बजे वह अपने दोस्त सौरभ प्रधान के साथ जा रहा था। इसी दौरान गांव के पुरूषोत्तम खड़िया, प्रभु खड़िया, कमल बरिहा, नितेश निषाद व मिलन ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



सामान खरीदने गए व्यक्ति की एक्टिवा चोरी

महासमुंद। सामान खरीदने गए एक व्यक्ति की एक्टिवा चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। वार्ड 11 खरोरा निवासी ठाकुर सिंग जांगड़े अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएफ 6967 से 15 अक्टूबर की रात 8 बजे सामान खरीदने विशाल मेगा मार्ट गया था, जब वह सामान लेने के बाद रात 9 बजे आया तो देखा कि उसके वाहन को किसी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

समितियों में चिंता: धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी तक

धान खरीदी से पहले कर्मियों ने की सूखत और परिवहन पर स्पष्ट दिशानिर्देश की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही है, लेकिन, खरीदी नीति में धान के सूखत और परिवहन की समय-सीमा को लेकर स्पष्ट निर्देश और प्रावधान नहीं होने के कारण सहकारी समितियों के कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है।

कर्मचारियों की मानें तो इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस दिशा-निर्देश जारी नहीं होने पर खरीफ विपणन वर्ष में भी समितियों को आर्थिक नुकसान और जवाबदेही संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। खरीदी के दौरान किसानों से निर्धारित मापदंडों के अनुसार धान का उपार्जन किया जाता है। इसके बाद भंडारण, रखरखाव और परिवहन में लगने वाले लंबे समय के कारण सूखत के चलते कमी आना स्वाभाविक है। इसके बावजूद सुखत की भरपाई और उसकी जिम्मेदारी तय करने के संबंध में स्पष्ट नीति



का अभाव समितियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। जिले में पिछले वर्षों के दौरान कई समितियों को धान खरीदी में नुकसान उठाना पड़ा है। इसी तरह परिवहन में महीनों की देरी होने पर धान की सुरक्षा, रखरखाव और अतिरिक्त खर्च का बोझ भी समितियों पर पड़ता है।

गौरतलब है कि पिछले धान खरीदी सत्र में भी सूखत के मुद्दे को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों ने आंदोलन कर खरीदी कार्य से असहयोग किया था। इस दौरान शासन की ओर से मौखिक आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। अब नए खरीदी सत्र से पहले वही मुद्दे फिर सामने आने से कर्मचारियों में चिंता देखी जा रही है। सहकारी समिति कर्मचारियों की मांग है कि शासन सूखत के संबंध में स्पष्ट नीति प्रावधान करे तथा धान परिवहन की समय-सीमा निर्धारित करे।

धान के वजन में कमी का आना स्वाभाविक प्रक्रिया

सहकारी समिति कर्मचारी संघ के कर्मचारी प्रतिनिधी जयप्रकाश साहू ने बताया कि धान उपार्जन के दौरान समितियां किसानों से 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदती हैं। सूखत और परिवहन की स्पष्ट नीति और परिवहन की निश्चित समय-सीमा के अभाव में धान खरीदी करना कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब होता है।

छात्र की मौत मामले में प्रधानपाठक और सहायक शिक्षक हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला मुड़ीडीह

- छात्र की मौत के मामले में शिक्षा विभाग ने अपनाया सख्त रुख

में साड़ी से बने झूले में फंसने से चौथी कक्षा के 10 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने स्कूल के प्रधानपाठक रघुनाथ चौधरी और सहायक शिक्षक (एलबी) गुणितराम चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच में दोनों शिक्षकों को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला मुड़ीडीह के परिसर में पेड़ से बंधे झूले पर खेलते समय छात्र के गले में साड़ी फंस गई। जिससे 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बसना से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने निलंबन आदेश जारी किया। आदेश में दोनों शिक्षकों को प्रथम दृष्टया जिम्मेदार मानते हुए उनके कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत बताया गया है। इसके बाद छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि के दौरान दोनों शिक्षकों का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बसना निर्धारित किया गया है।

साड़ी के झूले में फंस कर हुई मौत

मालूम हो कि बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत उड़ेला के आश्रित गांव मुड़ीडीह में प्राथमिक स्कूल परिसर में बच्चे स्कूल खुलने से पहले परिसर में खेलने पहुंचे थे। पेड़ की डाल पर साड़ी के पुराने टुकड़े से झूला बांधा गया था। झूलते समय तरुण उसके संपर्क में आकर फंस गया। साथ खेल रहे बच्चों ने इसकी सूचना स्कूल की रसोइया और परिजनों को दी। बच्चे की मां मौके पर पहुंचीं और उसे झूले से बाहर निकाला। परिजन उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तरुण कक्षा चौथी का छात्र था।

हुकिंग कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महासमुंद वृत्त ने स्मार्ट मीटर से रिमोट द्वारा काटे गए (15 दिन से अधिक पुराने) 195 कनेक्शनों की जांच की गई। इसके लिए महासमुंद, पिथौरा, सरायपाली और गरियाबंद संभागों में 27 टीमें लगाई गई थीं।

जांच में 78 उपभोक्ता बाईपास या एलटी लाइन से हुकिंग कर बिजली चोरी करते मिले, जिनमें 69 महासमुंद और 9 गरियाबंद जिले के हैं। इन उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 और 138 के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी, प्रकरण विशेष न्यायालय में भेजे जाएंगे और देय राशि की वसूली भी



की जाएगी। विभाग कनेक्शन काटने से पहले बकायादारों को मोबाइल पर संदेश भेज रहा है, जिससे कई उपभोक्ता बकाया जमा कर कटौती से बच रहे हैं। शुक्रवार, 16 अक्टूबर को भुगतान न करने वाले 2,559 कनेक्शन फिर रिमोट से काटे गए, जिनकी जांच अगले माह होगी। निगरानी अभियान 31 मार्च 2028 तक चलेगा। विभाग ने घरेलू, कृषि पंप और बीपीएल उपभोक्ताओं से छत्तीसगढ़ शासन की समाधान योजना का लाभ लेकर बकाया चुकाने की अपील की है।

महिला के साथ पति ने की मारपीट

महासमुंद। महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम गोहेदादर निवासी रानी नंद का विवाह गढ़पटनी निवासी अनिष कुमार कैवर्त से करीबन 11 वर्ष पूर्व हुआ था। 13 अक्टूबर को महिला और उसके पति के बीच घरेलू बातों के लेकर विवाद हो गया, जिसके चलते वह अपने बड़े पापा सुकरू नंद के यहां ग्राम बरबसपुर चली गई। 16 अक्टूबर की सुबह करीबन 09 बजे उसका पति अनिष कुमार कैवर्त वहां आया और कहने लगा कि तुम किसी और से बात करती हो मैं तुम्हारी शादी उससे करवा दूंगा। इस पर महिला ने ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है कहा। यह सुनकर अनिष कुमार गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबाने की कोशिश करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सीएसपीडीसीएल के कनिष्ठ यंत्री के साथ मारपीट, कार में भी की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सीएसपीडीसीएल के कनिष्ठ यंत्री के साथ मारपीट और उनके कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

वार्ड नं 11 साई बिहार कॉलोनी बसना व सीएसपीडीसीएल भंवरपुर के कनिष्ठ यंत्री अंकित भोई 16 अक्टूबर की रात करीबन 10/30 बजे के अपने निवास स्थान से कार क्रमांक सीजी 06 जीयू 7992 से साथी हरीश पटेल के साथ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार फोकट पारा तालाब के पास बंद हो गई। जिसे वे चालू करने का प्रयास कर रहे थे। इसी समय ओमी ढाभरा अपने एक अन्य साथी के साथ आया और गाड़ी को रोड में खड़ी किए हो कहकर गाली गलौज करने लगा, साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कार के आगे एवं पीछे के कांच को पत्थर मारकर दोनों आरोपियों ने तोड़ दिया। इसके बाद ओमी ढाभरा के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए अपने पास रखे लोहे के किसी धारदार वस्तु से कमर के पीछे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवक घायल

महासमुंद। कुलिया सब स्टेशन के पास ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवक घायल हो गए, वहीं उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ग्राम मोथा निवासी खोमन साहू 19 सितंबर को अपने दोस्त पंकज यादव के साथ बागबाहरा जा रहा था। शाम करीबन 6.30 बजे वह कुलिया विद्युत सब स्टेशन के पास रूका था। कुछ देर बाद वह बागबाहरा जाने के लिए मोटर सायकल क्र. सीजी 06 एचबी 3355 को स्टार्ट कर रहा था, उसी समय पीछे से ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 एचएफ 8711 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाकर खोमन के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे खोमन के सिर, आंख, नाक, मुंह एवं पंकज यादव के सिर में चोटे आई। साथ ही बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

मंगलवार को खुली रहेंगी सेलून दुकानें

महासमुंद। नगर की सेलून दुकानें दशहरा पर्व के अवसर पर मंगलवार 20 अक्टूबर को खुली रहेंगी। इस आशय का निर्णय सेलून संघ की बैठक में लिया गया है। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष हेमलाल ठाकुर और सचिव चंद्रशेखर सेन ने दी है।

नगर पालिका कर्मियों ने एफआईआर के लिए दिया आवेदन

गंदगी फैलाने और कर्मचारियों से अभद्रता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सार्वजनिक स्थान पर कचरा



फैलाकर गंदगी फैलाने और सफाई करने पहुंचे पालिका कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौच



और हाथापाई पर उतारु होने के मामले में नपा प्रशासन और कर्मियों ने थाना कोतवाली में आवेदन देकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि शहर के स्टेशन रोड स्थित एक वस्त्रालय के संचालक हेमंत बोथरा एवं उनके पुत्र वैभव बोथरा के विरुद्ध सार्वजनिक गली में लगातार दुकान का कचरा एवं कबाड़ फेंकने की शिकायत पालिका को मिल रही थी। पालिका सूत्रों ने बताया कि इसके चलते यहां लंबे समय से गंदगी का आलम था। उक्त गली से गंजपारा प्राथमिक शाला के बच्चे एवं आंगनबाड़ी के बच्चे प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में गली में कचरा और कबाड़ जमा होने से बच्चों सहित स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। शिकायत पर जब नगर पालिका के कर्मचारी सफाई व्यवस्था के लिए मौके पर पहुंचे तो दुकान संचालकों द्वारा उनके साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया। आरोप है कि कर्मचारियों के साथ गाली गलौज की गई और हाथापाई पर उतारू हो गए। दुकान संचालक के इस दुर्व्यवहार से क्षुब्ध कर्मचारियों ने गली में लंबे समय से जमा पड़ा सारा कचरा निकालकर दुकान के सामने रख दिया।

कोतवाली में की शिकायत

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका के कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ कोतवाली पहुंचकर प्रिया वस्त्रालय के संचालक हेमंत बोथरा एवं वैभव बोथरा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने आवेदन प्रस्तुत किया गया। पालिका प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना और सफाई कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

कर्मचारियों का सम्मान व जनहित सर्वोपरि: नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत



साहू ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा, शहर की स्वच्छता और नगर पालिका कर्मचारियों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मामले में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नगर के प्रत्येक नागरिक से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

मकान निर्माण में बाधा डालकर धमकी देने वाले छह लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम टेका में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकान के निर्माण में बाधा डालने और धमकी देने के मामले में छह आरोपियों के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पिथौरा पुलिस ने बताया कि आवेदिका बसंता पटेल पति तेजराम पटेल निवासी ग्राम टेका थाना पिथौरा हाल निवास डिपोपारा राजासेवैयाखुर्द द्वारा प्रस्तुत शिकायत आवेदन में बताया कि उसके पति तेजराम पटेल पिता नंदलाल पटेल वगै. के नाम से ग्राम टेका पहन 09 रा.नि.म. पिथौरा जिला महासमुंद में भूमि स्वामी हक में खसरा नं. 132/1 रकबा 1.200 हे. है। जिसमें अपने हिस्से की उक्त भूमि पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत आवास निर्माण किया जा रहा है। लेकिन सह खातेदार के परिवार वाले/अनावेदकगण थानसिंग पटेल पिता नंदलाल पटेल, जीरधन पटेल, भास्कर पटेल पिता प्रेमलाल पटेल, श्रीराम पटेल पिता मन्नूलाल पटेल, शोभाराम पटेल पिता मन्नूलाल पटेल, विजय पटेल पिता जीवधन पटेल सभी निवासी ग्राम टेका थाना पिथौरा के द्वारा आवेदिका एवं उसकी पुत्री पूनम पटेल के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए उक्त स्वीकृत आवास को निर्माण करने से मना किया जा रहा है। साथ ही अनावेदकगण उक्त आवास निर्माण में काम करने आए मजदूरो को भी मारपीट करने की धमकी देकर भगा देते हैं। महिला ने अपने आवेदन में बताया कि अनावेदकगण एक और अन्य शामिल खाता की भूमि खसरा नं. 137/1 एवं 229/1 पर अपने-अपने मकान बना चुके है। जबकि उसके पति तेजराम पटेल दिव्यांग हैं। अनावेदकों के कृत्य से वे योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296 ,351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खबर संक्षेप



खरोरा में आमभंडारा व झांकी की प्रस्तुति कल

महासमुंद। ग्राम खरोरा में नवदुर्गा उत्सव समिति बस्ती पारा द्वारा महानवमी पर 19 अक्टूबर को आम भंडारा एवं झांकी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत रात्रि 7 बजे कसही धमतरी की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें झांकी निकाली जाएगी। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों व क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



नवरात्रि पर मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

बिरकोनी। श्रद्धा एवं आस्था का नवरात्र पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों व पंडालों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। गांव के बाजार चौक में आकर्षक प्रतिमा विराजित की गई है। मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन से सुबह 8 बजे से शाम 2 बजे तक दुर्गा चालीसा का जाप किया जा रहा है। पंचमी पर माता श्रृंगार, पूजा- आरती का विशेष आयोजन किया। षष्ठी के दिन ग्राम में गरबा नृत्य व देवी मंदिर में भव्य संग व बाना झांकी प्रस्तुत किया। प्रत्येक दिन देवी प्रतिमा में श्रृंगार पूजा किया जा रहा है। देवी प्रतिमा के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। यहां ग्रामवासियों द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित भी की है। साथ ही ज्वांरा बोए गए हैं। अष्टमी को हवन पूजा के बाद दोपहर 3 बजे से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समस्त ग्रावासियों, दानदाताओं व समिति सदस्यगण माता सेवा में जुटे हुए हैं।

शांत्रीबाई महाविद्यालय में गरबा नवरात्रि उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में नवरात्रि पर्व पर गरबा नवरात्रि उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं लोकनृत्य के प्रति रुचि जागृत करना तथा आपसी सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर गरबा एवं डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। रंग-बिरंगे परिधानों, संगीत और गरबा की पारंपरिक धुनों से पूरा महाविद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर हो गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा एवं सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति, आस्था एवं नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। गरबा एवं डांडिया जैसे पारंपरिक लोकनृत्य हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ती है तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना भी है। सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





गरबा एवं डांडिया हमारी सांस्कृतिक पहचान

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। गरबा एवं डांडिया हमारी सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण अंग हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसे संरक्षित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को विशेष महत्व दिया जाता है, क्योंकि ये विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्रों के साथ स्टॉफ व समिति सदस्य जुटे

कार्यक्रम में महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, संचालक सदस्य चंद्रपाल चंद्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर, चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कुंभज चंद्राकर तथा महाविद्यालयीन स्टाफ से मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, शत्रुघ्न पटेल, आरशिन सोलोमन, भूमिका दुबे, नरेंद्र तांडी, नेहा साहू, दामिनी साहू, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर एवं मानिक पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

समस्या : रजिस्ट्री और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए महासमुंद जाते हैं लोग

बागबाहरा में उपपंजीयक कार्यालय स्थापना की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

विकासखंड बागबाहरा में उपपंजीयक

- नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, रजिस्ट्री दफ्तर खोलने की मांग की

(रजिस्ट्री) कार्यालय की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बागबाहरा में उप पंजीयक कार्यालय प्रारंभ किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र के लोगों को आज भी भूमि, मकान, दुकान एवं अन्य अचल संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने के लिए महासमुंद जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अनावश्यक हानि होती है।



नपाध्यक्ष ने बताया कि बागबाहरा विकासखंड भौगोलिक दृष्टि से बड़ा क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी निवास करती है। प्रतिदिन किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक तथा अन्य नागरिक रजिस्ट्री और राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लंबी दूरी तय कर महासमुंद पहुंचते हैं। कई बार दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को आम जनता के नजदीक उपलब्ध कराना है, लेकिन बागबाहरा जैसे महत्वपूर्ण विकासखंड में उप पंजीयक कार्यालय का अभाव इस उद्देश्य के विपरीत है। यदि यहां रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित किया जाता है तो हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और राजस्व संबंधी सेवाएं अधिक सरल एवं प्रभावी बन सकेंगी।

खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल कहा कि जब शासन डिजिटल और सुगम प्रशासन की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, तब बागबाहरा क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत राजस्व सेवाओं के लिए दूसरे शहर पर निर्भर रहना उचित नहीं है। उन्होंने शासन एवं जिला प्रशासन से जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। खिलेश्वरी बघेल ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन क्षेत्र की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस लंबे समय से लंबित मांग को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगा और बागबाहरा में उप पंजीयक (रजिस्ट्री) कार्यालय की स्थापना की दिशा में सकारात्मक पहल करेगा। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि क्षेत्र की आम जनता की सुविधा और अधिकारों से जुड़ा विषय है। कार्यालय खुलने से हजारों नागरिकों को समय, धन और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी।

नवरात्रि पर सशिमं में नौ कन्या पूजन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर्व पर नौ कन्या पूजन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों एवं माताओं द्वारा मां भारती, प्रणवाक्षर ओम एवं सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मध्य में नवदुर्गा के प्रतिरुप बहनों का पूजन एवं आरती कर नौ कन्या भोज कराया गया। पश्चात माध्यमिक कक्षा के बहनों द्वारा आकर्षक नवदुर्गा झांकी एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन लता एवं माधवी ने किया। अंत में प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय ने उपस्थित माताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में त्रिवेणी, संजू सिंह, समीक्षा, रजनी, लीला, भारती एवं सुनीता, बाल भारती अध्यक्ष ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, कन्या भारती अध्यक्ष अदिति, उपाध्यक्ष डिम्पल आदि का सहयोग रहा। अंत में सभी छात्रों को महाप्रसाद वितरण किया गया।

संकुल केंद्र खोपली में विदाई सहसम्मान कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

संकुल केंद्र खोपली में 16 अक्टूबर को विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भोपाल सिंह बंजारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद जो कि हाईस्कूल खोपली के प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य का 13 साल तक खोपली में पदस्थ रहे को विदाई सह सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। साथ ही नवपदस्थ देवनारायण दीवान बीईओ बागबाहरा एवं नवपदस्थ बीआरसी मनोज चक्रधारी का भी सम्मान किया गया। संकुल केंद्र खोपली में नए आए हुए शिक्षक चंद्रभान सिंह धुव, डिम्पल वर्मा, क्षमता साहू का स्वागत करते हुए सम्मान किया गया। साथ ही संकुल खोपली से ट्रांसफर पर गए भूपेंद्र ठाकुर, अभिषेक, प्रांजली सिंह ठाकुर, प्रभा चौहान, टपकेश्वरी सिंह का भी विदाई सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, उपसरपंच जयंती चंद्राकर, निरंकार चंद्राकर शाला समिति सदस्य उपस्थित रहे। उद्बोधन की कड़ी में हेमंत साहू, भीमसेन चंद्राकार, दिनेश चंद्राकार, महेंद्र बंजारे, निरंकार चंद्राकर द्वारा भोपाल सिंह बंजारा के हाईस्कूल खोपली में किए गए कार्यकाल की प्रशंसा की। भोपाल सिंह बंजारा ने हाईस्कूल खोपली में बिताए पल को अविस्मरणीय बताएं। बंजारा को फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर संकुल केंद्र खोपली से सोहद्रा देवांगन, रुखमणी साहू, रेखा चंद्राकर, हेमंत साहू, प्रमिला साहू, ममता साहू, किशन साहू, संकुल प्रभारी महेंद्र एवं पूर्व संकुल समन्वयक भीमसेन चंद्राकर, संकुल केंद्र खोपली के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, हाईस्कूल के समस्त स्टाफ एवं एसएमडीसी सदस्य मौजूद थे। मिथलेश साहू, हेमंत साहू, यशोदा चंद्राकर, विजय सिंह ठाकुर, सोमनाथ साहू, विनोद पटेल, संत चंद्राकर, ओम प्रकाश चंद्राकर, संकुल खोपली के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन सोमनाथ साहू एवं संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा ने किया।

सुखरीडबरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी में 16 अक्टूबर को मतदाता जागरुकता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर रंगोली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेरा वोट मेरा अधिकार, 18+ के युवा अपना अपने गांव के नज़दीकी केंद्र आंगनबाड़ी पर जाकर अपना नाम जुड़वा कर और लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य केएस सबर, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता कांति साहू, भगवती साहू आदि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस संस्था से व्याख्याता बीएस ठाकुर, कांतिलाल दीवान, ज्योतिष चौधरी, चिन्ता राम कुर्रे ग्रंथपाल, नरसिंह बंजारे शिक्षक, कृष्ण कुमार देवांगन शिक्षक, जयमाला टांडे व्याख्याता, मधु सिरमौर, राधा चंद्राकर, कीर्ति दीवान सहायक शिक्षक, लाडली यादव, आलोक द्विवेदी, प्रियंका केरकेट्टा और इस कार्यक्रम का संचालन व्यास नारायण बंजारे ने किया।

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में गरबा नृत्य का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शारदीय नवरात्रि पर्व पर किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में गरबा नृत्य प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल मालाओं और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों-केडियू, चनिया-चोली में सज-धज कर गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी अभिभावक और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर संस्था के संचालक आरके दास ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंग-बिरंगी कपड़ों में गरबा नृत्य किया। इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में हमारी भारतीय संस्कृति, परंपरा और एकता का संस्कार विकसित होता है। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। संस्था की प्राचार्य भगवती जगत ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि हिंदू धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। यह शक्ति की उपासना का पर्व है। आज हम सभी ने मिलकर इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। बच्चों ने जिस ऊर्जा और अनुशासन के साथ भाग लिया, वह सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया और सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उप प्राचार्य नंदिनी प्रधान, शिक्षिका उषा बीसी, हसीना बेगम, सविता जयसवाल, संगीता बारिक, आरती नाग, शबनम जौहरी, यशवंती पोते, परमानंद पटेल, गणेश सिदार आदि उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना से युवराज और चैतराम को हर माह मिल रहा 1500 रुपए की पेंशन

महासमुंद। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। ऐसी ही कहानी जिला मुख्यालय महासमुंद वार्ड 16 के निवासी चैतराम साहू एवं ग्राम बेलसोंडा निवासी युवराज कुमार कन्नौजे की है, जिन्हें श्रम विभाग में पेंशन के लिए आवेदन करने के बाद प्रतिमाह 1500 रुपये की पेंशन राशि प्राप्त हो रही है। यह राशि उनके लिए आर्थिक सहायता का माध्यम बन गई है। पेंशन से वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और दैनिक जीवन में आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करने में मदद प्राप्त कर रही हैं। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में आवेदन करने पर 1500 रुपए प्रति माह पेंशन सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाती है। चैतराम साहू ने बताया कि आवेदन के पश्चात उन्हें प्रतिमाह 1500 रुपए की पेंशन मिल रहा है। इस राशि से स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों और रोजमर्रा में उपयोग होने वाली वस्तुओं की व्यवस्था करने में सहुलियत हो गया है। युवराज कुमार कन्नौजे ने बताया कि हर महीने मिलने वाली पेंशन राशि का उपयोग वे अपनी सेहत का ध्यान रखने तथा दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं को खरीदने में करते हैं।

देशभक्ति गीत गाकर पथ संचलन, नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे स्वयंसेवक

आरएसएस का पथ संचलन, राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुआ नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

विजयादशमी के पावन पर्व पर पिथौरा में मंडल स्तरीय पथ संचलन का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा किया गया। यह अवसर केवल संघ के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे नगर और समाज के लिए भी गर्व का क्षण था। पारंपरिक गणवेश में पंक्तिबद्ध होकर देशभक्ति गीत गाते हुए कदमताल करते स्वयंसेवकों को देखकर नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा।

स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल और एकसमान गणवेश ने सभी को प्रभावित किया। नगरवासी देर तक खड़े रहकर इस अनुशासित और भव्य दृश्य को देखते रहे। पथ संचलन के पश्चात आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सिख समाज के पूर्व अध्यक्ष यशवंत सिंह छाबड़ा, मुख्य वक्ता के रूप में जिला कार्यवाह चंद्रशेखर नाग तथा खंड संघचालक जसबीर आजमानी मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि यशवंत सिंह छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा राष्ट्रसेवा, अनुशासन, समर्पण और सामाजिक जागरण की यात्रा है। संघ ने व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर निरंतर कार्य किया है। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर नाग ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा, उद्देश्यों एवं पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज, राष्ट्र और संपूर्ण विश्व के कल्याण की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने बताया कि संघ के पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का आचरण एवं नागरिक कर्तव्य जैसे पाँच महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। इनका उद्देश्य परिवारों में संस्कारों को मजबूत करना, समाज में भेदभाव मिटाकर समरसता स्थापित करना, प्रकृति का संरक्षण करना, स्वदेशी उत्पादों को अपनाना तथा नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। मुख्य वक्ता ने कहा कि परिवर्तन की शुरुआत स्वयं व्यक्ति से होती है। जब व्यक्ति अपने जीवन में अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभाव को अपनाएगा, तो उसका सकारात्मक प्रभाव परिवार पर भी पड़ेगा। संस्कारित परिवारों से समरस समाज का निर्माण होगा और सशक्त समाज ही समर्थ राष्ट्र की नींव बनेगा। इसी विचारधारा के माध्यम से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन केवल विचार नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले व्यवहार और संकल्प हैं, जो समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

